# धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए जयराम ने करवाई राणा की भाजपा में एंट्रीः चंद्रशेखर

**चुनाव**

**8 कांग्रेस विधायक बोलेः पूर्व मुख्यमंत्रीजयराम ठाकुर को छह साल बाद आई धूमल की याद**



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए करवाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में राजेंद्र राणा ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा और भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद से उम्मीदवार प्रेम कुमार धूमल को हराया। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत होने के बावजूद धूमल मुख्यमंत्री पद हासिल करने से चूक गए। एक्सिडेंटल चीफ मिनिस्टर जयराम ठाकुर पद संभालने के बाद एक बार भी प्रेम कुमार धूमल से मिलने उनके घर नहीं गए, लेकिन अब उप-चुनाव से पहले जयराम ठाकुर को धूमल परिवार की याद आई है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला की जनता अभी भी पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में धूमल और उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहार को भूली नहीं है। मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए जयराम ठाकुर ने प्रेम कुमार धूमल के कोई काम नहीं किए और राजेंद्र राणा के कामों को ही प्राथमिकता पर किया। यही नहींए राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार के विरोध के बावजूद हुई। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा और धूमल परिवार के संबंध जनता के सामने हैं, लेकिन इसके बावजूद जयराम ठाकुर ने धूमल परिवार के स्वाभिमान को ठेस पहुँचाई और उनका अपमान किया है। चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले छह वर्षों में जयराम ठाकुर एक बार भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का हाल जानने के लिए उनके घर नहीं गए। अब जबकि उनके विरोधी राजेंद्र राणा भाजपा में शामिल हुए हैंए तो जयराम ठाकुर का धूमल प्रेम अचानक से जाग गया है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि राजेंद्र राणा ने भाजपा छोड? के बाद पिछले 11 वर्षों में प्रेम कुमार धूमल का कदम-कदम पर अपमान किया। राणा यूँ तो धूमल को अपना राजनीतिक गुरु कहते हैं लेकिन यह भी सत्य है कि शिष्य ही गुरू की जड़ें काटने में लगा रहा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा में शामिल होने के बाद राजेंद्र राणा किस मजबूरी में समीरपुर के चक्कर लगा रहे हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि हमीरपुर की जनता समझदार है और राजेंद्र राणा के बहकावे में बार-बार आने वाली नहीं है। राजेंद्र राणा का असली चेहरा मतदाताओं के सामने हैं क्योंकि भाजपा का दामन थाम कर उन्होंने अवसरवादी राजनीति का परिचय दिया है। सुजानपुर की जनता आया राम-गया राम की राजनीति को करारा जवाब देगी और उप-चुनाव में उनकी हार निश्चित है।

उन्होंने कहा कि छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी क्लीन स्विप करेगी और जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जन.बल से भाजपा की धनबल राजनीति का अंत होगा।

# लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत एसडीएम की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन

**बैठक**

**8 नायब तहसीलदार द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कार्यकलापों के बारे मे जानकारी प्रदान की गई**



**हामिद**

**चंबाः** जिला मुख्यालय चंबा में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला महासचिव गोवर्धन आहूजा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव दीपक कुमार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा व भाजपा मण्डल अध्यक्ष महाराज बडियाल उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय शांडिल व नोडल अधिकारी कुलदीप ठाकुर भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार द्वारा पार्टी प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कार्यकलापों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसके अंतर्गत मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष की व्यवस्था, मतदाता सूची से छूटे मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने की अंतिम तिथि सहित, दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने की सुविधा के अलावा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांग प्रणाम सहित घर पर ही मतदान की सुविधा सहित पोस्टल बैलट से संबंधित जानकारियां सांझा की गई। इसके अतिरिक्त आईपीसी की धारा 171 ब के अनुसार किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी भी प्रकार का प्रलोभन दिए जाने व बड़ी चुनावी रैली के आयोजन के लिए 48 घंटे पहले स्वीकृति लिए जाने के बारे जानकारी दी गई।

इस दौरान निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर पार्टी प्रतिनिधियों ने अपनी संतुष्टि व सहमति व्यक्त की।

## न्यूज फ्लैश

### माजरा में युवक ने की आत्महत्या

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा क्षेत्र में एक युवक ने जंगल में पेड़ से फ ंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 27 वर्षीय शिवम पुत्र पवन कुमार वीपीओ माजरा के रूप में हुई है। फि लहाल आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार जंगल गश्त पर जब फ रिस्ट गार्ड राकेश मेलियों के नजदीक कब्रिस्तान की तरफ जा रहा था तो देखा कि पेड़ पर एक व्यक्ति लटका हुआ है। इसकी सूचना फॉरेस्ट गार्ड ने माजरा पुलिस थाने में दी। माजरा थाने को सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रताप परमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जंगल में फ ंदे से लटके युवक से 100 मीटर की दूरी पर एक काले रंग की बाइक और लाल रंग का हेलमेट भी पुलिस को बरामद हुआ। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया। पुलिस को दिए बयान में मृतक शिवम के पिता पवन कुमार ने बताया कि शिवम सुबह 11रू00 बजे से घर से बिना बताए निकल गया था और उसके बाद उसका कुछ भी पता नहीं था। माजरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने घटना की पुष्टि की है। दो

### आगामी 6 दिनों में प्रदेश में सक्रिय होंगे दो पश्चिमी विक्षोभ, प्रदेश के विभिन्न इलाकों में ओलावृष्टि, बारिश और बर्फ बारी के आसार

**चमन शर्मा**

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में आगामी सप्ताह मौसम के लिहाज से ख?ाब बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने आने वाले 6 दिनों के भीतर प्रदेश में दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में दो पश्चिम विक्षोभ एक के बाद एक सक्रिय होंगे इसके चलते प्रदेश के ऊपरी इलाकों में बर्फ बारी और मध्य और निचले इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने के आसार हैं। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र में मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आने वाले 6 दिनों के भीतर हिमाचल प्रदेश में बैक टू बैक दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। उन्होंने कहा कि इसके चलते हैं 2 अप्रैल के बाद प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बारिश पर बर्फ बारी की संभावना है। वहीं प्रदेश के निचले इलाकों और मध्यवर्ती इलाकों में भी इस दौरान बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 4 अप्रैल के बाद सक्रिय होगा।जिसके चलते प्रदेश में चार-पांच और 6 अप्रैल को बारिश के साथ-साथ ऊपरी इलाकों में बर्फ बारी होने की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक संदीप ने कहा कि मौसम परिवर्तन का असर न्यूनतम तापमान पर भी देखने को मिलेगा हालांकि दोपहर में प्रदेश के अंदर तापमान सामान्य बने रहेंगे।

### पहले से बने टैंक से नई लाइनें बिछाए जाने का विरोध, डीसी को दिया ज्ञापन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल कोटली के तहत आने वाली ग्राम पंचायत ढंढांल की हरिजन बस्ती हवाणी समराहण वार्ड नंबर चार के डेढ दर्जन लोगों ने उपायुक्त मंडी को एक ज्ञापन देकर गांव के लिए बने टैंक से और लाइनें बिछाने के कार्य का कड़ा विरोध किया है तथा मांग की है कि इस काम की जांच की जाए व इसे बंद करवाया जाए। हरिजन बस्ती के चेत राम, सुकरू राम, इंद्र देव, घनश्याम, ओम प्रकाश, ठाकर सिंह, टेक चंद, राज कुमार, रूप लाल, रीता देवी, रमेश, माया, तेज राम, दिला राम, बालक राम, बबली देवी व जगदीश आदि ने उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में कहा कि जल शक्ति विभाग के ठेकेदार द्वारा चुनावी आचार संहिता लगे होने के बावजूद भी गलत तरीके से कनेक्शन देने प्रक्रिया चलाई जा रही है। पहले से बने टैंक का डाया चौड़ा करके उसके नीचे पाइपें बिछाने का काम किया जा रहा है जबकि इस टैंक से जिन लोगों को पानी जाता है वह उनके लिए पर्याप्त है। यहां तक कि पंचायत उपप्रधान के घर को भी पहले से ही पानी का कनेक्शन है। जो भी काम किया जा रहा है वह किसी खास व्यक्तियों को अनुचित लाभ देने के लिए हो रहा है जिससे आने वाले समय में दलित बस्ती के लिए पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा।

# जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी पर धाम का दिया सामान



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** गुरु नानक का घर आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला में संस्था संचालक सरदार गुरमीत सिंह ने संस्था के माध्यम से पांवटा स्थित बंगाला कॉलोनी के रहने वाले जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी के लिए धाम का समान दिया। बताते चले कि दानी सज्जनों के सहयोग से संस्था जरूरतमंद बेटियों की शादी पिछले कई सालों से करती आ रही है। आप सभी का सहयोग और आशिर्वाद संस्था पर बना रहे। संस्था संचालक, प्रबंधक, अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने किसी भी प्रकार की सेवा देने हेतु संपर्क सूत्र 9805007888 सेवा स्थान पीजीआई चंडीगढ़, डीडीयू रिपन अस्पताल, आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला।

# निर्वाण जी की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** जिला सिरमौर की प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन नगरी श्री रेणुकाजी तीर्थ के निर्वाण आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ।



इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान भी किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री रेणुका जी तपस्थली के महान तपस्वी निर्वाण गुरु ब्रह्मलीन श्री सुंदर मुनि जी महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर उनके परम शिष्य गद्दी आसिन रेनेंद्र मुनी जी महाराज व उनके भक्तों के द्वारा किया गया। अंतिम दिन कथा व्यास मोहन चंद्र शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं, विवाह और सखा भक्ति भगवान श्री कृष्ण और सुदामा, श्री कृष्ण और अर्जुनद्ध का बखूबी वर्णन किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का विस्तार से वृतांत सुनाया इसके साथ-साथ कथा व्यास ने सर संक्षेप में श्रीमद भागवत कथा का निचोड़ और 24 गुरुओं के उपदेश के बाद कथा का विधिवत समापन किया। इससे पूर्व शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया गया था। जिसमें श्रोता भगवान श्री कृष्ण के बाराती बन कर झूमने पर विवश भी हुए। कथा व्यास अचार्य मोहन चंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का मार्मिक वृत्तांत सुना कर श्रोताओं को भावविभोर किया। बता दें कि भगवान परशुराम जी की माता और पिता की तपस्थली कहलाने वाली श्री रेणुका जी में निर्वाण जी यह आश्रम स्थित है। महान तपस्वी महात्मा सुंदर मुनि जी के चमत्कारों के किस्से आज भी भक्तों को अचंभित कर देते हैं। बताते हैं कि आश्रम में होने वाले विशाल भंडारे में एक बार तेल घी खत्म होने पर शिष्यों ने गुरु के आशीर्वाद से झील के पानी में ही पूरियां तल कर श्रद्धालुओं को खिलाई थी।

# जोगिंद्रनगर में कांग्रेस का ड्रामा हास्य पदः अजय सकलानी

**संगराय**

**जोगिंद्रनगरः** भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय सकलानी ने जारी बयान में पिछले कल जोगिंद्रनगर में काग्रेस द्वारा किए गए ड्रामे को हास्यपद बताया, उन्होंने कहा कि पिछले कल कांग्रेस के कुछ लोगों को भाजपा पदाधिकारी बता कर कांग्रेस के पटके पहना कर वाही वाही लूटने का प्रयास हुआ। अजय सकलानी ने कहा कि 2022 के चुनाव में भी इनमें से अधिकतर लोग काग्रेस का घर घर प्रचार कर रहे थे। आज जब सरकार बने 15 महीने से अधिक का समय हो गया



तो स्थानीय काग्रेसी नेता को ऐसी क्या जरूरत आन पड़ी की उन्ही कांग्रेसियों को पुनः काँग्रेस में शामिल करने का ढोंग जनता को दिखाना पड़ रहा है। जबकि कांग्रेस के ब्लाक सचिव व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय धरवाल, पूर्व ब्लॉक महिला कांग्रेस प्रमुख, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा व पार्षद सहित ब्लॉक महिला काग्रेस सचिव शीला देवी अभी हाल ही काग्रेस से भाजपा में आए है। जिन्होंने अपने बयान में कहा है कि जब से प्रदेश में काग्रेस की सरकार बनी है जोगिंद्रनगर विधान सभा क्षेत्र सहित नगर पंचायत के विकास को ग्रहण लग चुका है। अजय सकलानी ने काँग्रेस नेताओ के उस बयान की भी कड़ी निंदा जी जिंसमे कांग्रेस की एक महिला नेता मंडी की बेटी का भाव लगाने की बात कही है, उन्होंने कहा कि जनता अब काग्रेस का चरित्र समझ गई है।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 3 को इंदिरा भवन बिलासपुर मेंः अनुराग

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अनुराग पंडित ने प्रैस को जारी बयान में बताया कि 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे पार्टी कार्यालय इंदिरा भवन में जिलाध्यक्षा अंजना धीमान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक में जिला के सभी नेता, पदाधिकारी, सभी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, सभी अग्रणी संगठन की अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षा अंजना धीमान के आदेशानुसार इस बैठक में सभी पदाधिकारियों का आना अनिवार्य होगा।

# पुलिस ने पकड़ा पांवटा की फार्मा कंपनी लेबोरेटरीज से लाखों रुपए उड़ाने वाले को किया गिरफ्तार



**बरामद**

**8 पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से काबू किया है। 12 लाख का कैश भी बरामद किया है**

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला सिरमौर के उपमंडल पावंटा साहिब की फ ार्मा कंपनी जी लेबोरेटरीज के निहालगढ़ प्लांट के लेखा कार्यालय से ककनरीब 12 लाख की नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पावंटा साहिब पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से करीब 12 लाख का कैश भी बरामद किया है। आरोपी की पहचान 21 वर्षीय विवेक पुत्र धनीराम के रूप में हुई है। बता दें आरोपी विवेक जी लेबोरेटरीज में ही पहले काम करता था। वह करीब 5 साल से पांवटा साहिब में ही रह रहा था। इसी दौरान उसने होली के दिन इस वारदात को अंजाम दिया और बाइक पर बिजनौर भाग गया। जानकारी के अनुसार, पहले पुलिस ने आरोपी की पहचान की। जिसके बाद उन्होंने आरोपी की मोबाइल लोकेशन खंगाली और जाल बिछाकर आरोपी को उसके शहर से काबू किया। पुलिस जांच कर रही है कि वारदात को अंजाम देने में फैक्ट्री के किसी अन्य कर्मी ने उसका साथ दिया था या नहीं। फि लहाल, यह साफ नहीं हुआ है कि वास्तव में 12 लाख की ही चोरी हुई थी या ये राशि 30 लाख से अधिक थी। मामले की पुष्टि पांवटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि पुलिस रिमांड में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# मुगलावाला करतारपुर में मतदाताओं को किया जागरूक

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकरी एवं उपमंडल अधिकारी ना. पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र पांवटा साहिब-58 के मुगलावाला करतारपुर में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुंजित चीमा ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को उनके वोट का महत्व बताया गया तथा उन्हें लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मुमलावाला करतारपुर के



बूथ नंबर-58/64 में पिछली लोकसभा चुनाव में 60 फ ीसदी से कम बोटिंग दर्ज हुई थी। जिसके दृष्टिगत क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया गया की आने वाले चुनाव में सभी अपने-अपने पोलिंग बूथ पर जा कर अपने मतो का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई युवा या युवती आने वाले 1 अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है तो वह मई 2024 के प्रथम सप्ताह तक अपना नया बोट ऑन लाइन ईसीआई की साईट में जा कर या ऑफ लाईन फ ार्म नंबर-6 भर कर इलेक्शन आफिस में या बीएलओ को जमा करवा कर अपना वोट बनवा सकता है। गुंजित चीमा ने बताया कि इस दौरान उपस्थित लोगों को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने व निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में खण्ड समन्वयक रुकसाना, स्वीप के मंडल अधिकारी धनवीर चौहान व जोगेंद्र शर्मा, बीएलओ संतोष भट्ट तथा संजीव मितल, पंचायत सचिव, वार्ड के सदस्य सहित स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारी ने भाग लिया।

# मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान शुरूः लक्ष्मण सिंह कनेट

**'मा भी पाणा वोट'**

**8 28 नाचन विधानसभा अ.जा. क्षेत्र में भी स्वीप के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं**

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी के तहत 28 नाचन विधानसभा अ.जा. क्षेत्र में भी स्वीप के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने सोमवार को 28 नाचन अ.जा. विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित बनाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत मा भी पाणा वोट अभियान शुरू किया है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए एसडीएम गोहर ने कहा कि 1 जून 2024 को पूरे हिमाचल प्रदेश में मतदान होने जा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में नाचन विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 76.14ः था और विधानसभा चुनाव 2022 में मतदान प्रतिशत बढकर 80.86ः हो गया था। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में इस मतदान प्रतिशत को पार करने और



लोकतंत्र के इन त्योहारों में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया है। मां भी पाणा वोट अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के स्वीप टीम के माध्यम से सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में स्वीप गतिविधियां करवाई जाएँगी और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी आधार पर अगले दो महीने अप्रैल और मई के लिए स्वीप एक्टिविटी चार्ट भी जारी किया गया है

इसी आधार पर सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में स्वीप एक्टिविटी की जाएगी और एसडीएम गोहर ने बताया कि यदि कोई युवा का नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है और वह 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा हो तो वह भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए उपमण्डल गोहर में ष्जे 18 रा हुई गईरा हांऊ, ता फेरी वोट की नी पाऊं विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न संस्थाओं में पढ? वाले छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 वर्ष है या 1 अप्रैल, 2024 को या इससे पहले 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं उन्हें मतदाता सूची में दर्ज करवाया जाएगा। इसी के आधार पर स्वीप के माध्यम से सभी शैक्षणिक संस्थान पेंटिंग, रंगोली, वाद-विवाद, भाषण और लोकतंत्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी स्वीप गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।

# पांवटा साहिब में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में आज 16वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का शुभारंभ हुआ। बता दें प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदम सिंह पंवार प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि अशोक गोयल चेयरमैन बीबी जीत कौर स्मारक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब के द्वारा किया गया किया गया। यह प्रतियोगिता आज से शुरू होकर 4 अप्रैल 2024 तक चलेगी। इस खेलकूद प्रतियोगिता में पूरे जिले की लगभग 17 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें आईटीआई नाहन, आईटीआई सराहां, आईटीआई



बोगधार, आईटीआई शिलाई, आईटीआई कफ ोटा, आईटीआई माईना, आईटीआई राजगढ़, आईटीआई पांवटा साहिब, गैलेक्सी प्राईवेट आईटीआई, पांवटा साहिब, एमडी आईटीआई नौहराधार, प्रगति आईटीआई राजगढ़ से लगभग 400 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स एवं कल्चरल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। ये प्रतियोगितायें 4 दिन तक चलेंगी। वॉलीबॉल के पहले मुकाबले में आईटीआई पांवटा साहिब ने प्रगति प्राईवेट आईटीआई राजगढ़ को हराया।

# मृकुला मंदिर से शोभा यात्रा के साथ उदयपुर में शुरू हुआ लाहौल का जनजातीय शरदोत्सव

**शरदोत्सव**

**8 शरदोत्सव में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।**



**अंगारिया**

**केलांग:** जिला लाहौल स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए शरदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र के अनछुए पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उजागर करने की दृष्टिगत एक दिवसीय शरदोत्सव का भव्य आयोजन घाटी के उदयपुर में हो रहा है। धार्मिक पर्यटन व शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन, शरद ऋ तु में मनाए जाने वाले इन त्योहारों के संग पर्यटकों की आमद बढ? के लिए प्रयासरत है। ताकी इस क्षेत्र में रोजगार को और बढ़ावा मिल सके और लोग यहां की वैभवशाली संस्कृति को जान सके इसी कड़ी में उदयपुर उप मंडल में द्वितीय चरण में शरद उत्सव का आयोजन किया गया। शरदोत्सव में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उदयपुर स्थित मृकुला माता मंदिर में उपायुक्त ने शीश नवाया और शोभा यात्रा की भी अगुवाई की। शोभा यात्रा में सैकड़ो ग्रामीणों ने विशेष कर स्थानीय महिलाओं द्वारा स्थानीय परिधानों में सज धज कर हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। उपयुक्त ने कहा कि इस क्षेत्र की अनूठी संस्कृति अपने आप में एक अलग पहचान लिए हुए हैं इसके संरक्षण व संवर्धन को लेकर प्रशासन भी प्रयासरत है और विश्व के पर्यटन मानचित्र पर एक अलग मुकाम हासिल करने के लिए जिला लाहौल स्पीति में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है और इसी कड़ी में आज यहां पर शरद उत्सव का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जिला में धार्मिक पर्यटन एवं स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने के उददेश्य से स्नो फेस्टिबल एलाहौल शरद उत्सव का प्रथम चरण में केलांग में सफल आयोजन किया गया था। इसी तरह तृतीय व चतुर्थ चरण का शरद उत्सव की तिथियां भी जल्द निर्धारित की जाएगी। राहुल कुमार ने कहा कि शरद उत्सव केलांग व उदयपुर में मुख्य आकषर्ण विभागीय प्रदर्शनियां, पारम्परिक कलाकृतियां हस्तशिल्प और हथकरधा, स्थानीय पारम्परिक लजीज व्यंजन के स्टॉल, हिमशिल्प, तीरअंदाजी, बुनाइ, रस्साकसी, बैडमिंटन वॉलीबाल, आइस स्केटिंग, स्नो स्की और स्नो बोर्ड स्नो मेराथन, पारम्परिक संगीत, महिला मंडल व युवक मंडलों के रंगारंग स्थानीय लोक नृत्य का स्वयं निरीक्षण करते हुए उनमें भाग लिया ।

# तेजस्विनी ने सविष्कार की राष्ट्रीय कार्यशाला में किया हिमाचली संस्कृति का प्रदर्शन

**स्टार्टअप**

**8 जरूरी नहीं है कि स्टार्टअप केवल तकनीकी क्षेत्र में ही शुरू किए जा सकते हैं : तेजस्विनी सिंह**



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** सविष्कार हिमाचल की प्रान्त संयोजक तेजस्विनी सिंह ने सविष्कार की राष्ट्रीय कार्यशाला 2024 में हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देते हुए चर्चा की कि हिमाचल में किस प्रकार के स्टार्टअप हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि स्टार्टअप केवल तकनीकी क्षेत्र में ही शुरू किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक कृषि प्रधान प्रदेश है और यहाँ पर हमें तकनीकी या उद्योगी क्षेत्र के अलावा सांस्कृतिक उद्यमिता पर बहुत से स्टार्टअप मिल सकते हैं क्योंकि हिमाचल देवभूमि के साथ साथ सांकृतिक केंद्र भी है। यह कार्यशाला प.भ्नइ अहमदाबाद ;कर्णावतीद्ध में 2 दिन तक रही जिसमे स्टार्टअप को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और सविष्कार हिमाचल नें भी इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।इस कार्यशाला में अलग अलग सत्रों में विभिन्न विषयों में मंथन किया गया । इस कार्यशाला में विशेष रूप से प्रो. उन्नत पी पंडित, कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स, डिजाइन, ट्रेड मार्क्स, आशीष चौहान राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रवीन नाहर निदेशक एनआईडी अहमदाबाद, डॉ. सुनील शुक्ला महानिदेशक ईडीएलएल, क्रांतिसागर मोरे राष्ट्रीय संयोजक सविष्कार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय किसान मेला पधर की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति हेतु ऑडिशन के लिए 6 अप्रैल तक करें आवेदन



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** उपमंडल पधर में 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होने वाले जिला स्तरीय किसान मेला 2024 में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि मेले के दौरान लोक संस्कृति और स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने का पूरा प्रयास किया जाएगा। किसान मेले में होने वाली सांस्कृतिक संध्या के लिए मिनी सचिवालय पधर के सभागार में में ऑडिशन 8 अप्रैल और 9 अप्रैल को 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। ऑडिशन के पहले दिन 8 अप्रैल को उपमंडल पधर, जोगिंदरनगर के कलाकारों की स्वर परीक्षा होगी, 9 अप्रैल को सरकाघाट, धर्मपुर, उपमंडल गोहर करसोग, सराज व अन्य जिलों के कलाकारों की स्वर परीक्षा होगी। स्वर परीक्षा के लिए कलाकारों के आवेदन 6 अप्रैल तक लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑडिशन में भाग लेने वाले कलाकार अपना आवेदन डाकपता अध्यक्ष मेला कमेटी एसडीएम कार्यालय पधर, दूरभाष 01908260666 या ईमेल के माध्यम से कर सकते हैं । जो कलाकार ऑडिशन में पास होगा वह सांस्कृतिक संध्या मे भाग ले सकता है। स्वर परीक्षा के समय भी पहचान पत्र दर्शना आवश्यक हो रहेगा।

### डीसी का अधिकारियों को निर्देश.....-शिक्षण संस्थानों का दौरा पात्र युवा का मतदाता सूची में पंजीकरण करें सुनिश्चित

**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी जतिन लाल ने ऊना जिले में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे 18 साल व उससे ऊपर के हर युवा का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सहायक मतदाता पंजीकरण और बूथ लेवल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में ऐसे प्रत्येक शिक्षण संस्थान का व्यक्तिगत दौरा कर यह तय बनाने को कहा कि पंजीकरण के छूटे हर पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

डीसी ने बताया कि जो युवा 1 अप्रैल को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में 4 मई तक दर्ज करवा सकते हैं।

### शिमला में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप शिमला क्लाइमेट मीट का आयोजन

**शिमला: हिमालय के नाजुक** इकोसिस्टम में क्लाइमेट जस्टिस की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शिमला कलेक्टिव,ह्यूमन डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन,एशिया पैसिफिक नेटवर्क फॉर ग्लोबल रिसर्च एंड एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप शिमला क्लाइमेट मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने लीडिंग एक्टिविस्ट,एक्सपर्ट्स और समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ लाने का काम किया है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य समाज के लोगों को सशक्त बनाना और पश्चिमी हिमालय में अर्बन क्लाइमेट जस्स्टि के लिए रणनीतियों को बढ़ावा देना था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हिमालय जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से भी एक है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट बढ़ते तापमान,बदलते मानसून पैटर्न और ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से उत्पन्न खतरों को रेखांकित करती है। इन परिवर्तनों ने अचानक बाढ़,ग्लेशियर विस्फोट और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा दिया है,जो वर्ग,जाति और लिंग के मामले में हाशिए पर रहने वाली कम्युनिटी को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रहा है। एक्शनएड एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चाचरा ने स्वदेशी ज्ञान और इकोसिस्टम सर्विस की मान्यता की वकालत करते हुए जलवायु चर्चा में हाशिए पर रहने वाली कम्युनिटी के नेतृत्व पर जोर दिया।प्रसिद्ध वास्तुकार रोमी खोसला ने सस्टेनेबल अर्बन डेवलपमेंट के लिए स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत प्लानिंग प्रोसेस के महत्व पर जोर दिया। हिमाचल प्रदेश,उत्तराखंड,जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के 80 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शिमला कलेक्टिव के अध्यक्ष कैप्टन एनपीएस भुल्लर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। शिमला कलेक्टिव की उमा महाजन ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट पैटर्न और स्थानीय शासन संरचनाओं में निवेश के महत्व पर जोर देते हुए निष्कर्ष आर्थिक मॉडल और जलवायु संकट के बीच संबंध पर प्रकाश डाला।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने फागु स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**चमन शर्मा**

**शिमला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज फ ागु स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाता है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बहुत कम समय में नवोदित पहलवानों द्वारा पदक लाना गौरव का विषय: जगोता

**समारोह**

**8 चांदपुर कुश्ती अकैडमी में स्वागत समारोह में बोले बीसीसीआई सदस्य विशाल जगोता**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बच्चों को खेलों का बेहतरीन मंच देने के लिए छेड़े गए अभियान के सुखद परिणाम आना शुरू हो गए हैं। ठाकुर कुश्ती अकैडमी के दो बच्चों द्वारा अभी हाल ही में नोएडा में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में दो बच्चों द्वारा मैडल लेकर आना यह बात को प्रमाणित करता है कि अच्छी सोच के साथ किए गए कार्य फलीभूत होते हैं। यह बात सोमवार को चांदपुर में कुश्ती कोच विवेक ठाकुर द्वारा संचालित ठाकुर कुश्ती अकैडमी में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बीसीसीआई सीनियर टूनार्मेंट सेलेक्शन कमेटी मेंबर व बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल जगोता ने कही।

इस पूर्व आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि विशाल जगोता का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशाल जगोता ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी सोच से चल रहे सांसद खेल महाकुंभ से दर्जनों बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय स्तर पर मनवा रहे हैं।

ठाकुर कुश्ती अकैडमी के वंश और ऋषिका ने नोएडा में संपन्न हुई नेशनल रैस्लिंग गेम्स में हिमाचल के लिए रजत और कांस्य पदक जीत कर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इसके लिए कोच विवेक ठाकुर के साथ अन्य सहयोगी स्टाफ बधाई का पात्र है। विशाल जगोता ने बताया कि उदीयमान खिलाडि?ों को आगे बढ? के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार खेलों को अपनाने में अभिभावक व शिक्षक सहयोग करें। वहीं बल्ह बुल्हाना पंचायत के प्रधान रजनीश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में वंश ठाकुर ने रजत पदक और ऋषिका शर्मा ने कांस्य पदक हासिल कर बिलासपुर व हिमाचल का नाम रोशन किया है। इन बच्चों ने अंडर.20 में अपना भाग्य आजमाया और इतनी बड़ी उपलब्धि अर्जित की।

# लघु शिवरात्रि मेला के दौरान आयोजित हुई रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर मतदान व मतदाता जागरूकता पर आधारित स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर की सृष्टि पहले, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू की रिशीता दूसरे तथा डीएवी स्कूल जोगिन्दर नगर के अभिनव शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के



कॉलेज वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर की मोनिका पहले, जोगिन्दर नगर कॉलेज की ही दीक्षा दूसरे तथा आईटीआई जोगिन्दर नगर की शब्बू तीसरे स्थान पर रहीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक डा. सुनील ठाकुर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर पहले, मांउट मौर्य स्कूल दूसरे तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू तीसरे स्थान पर रहे।

उन्होंने बताया कि मेला समिति की ओर से पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को नकद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

### बसाल में वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:** सदर थाना के तहत बसाल में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मुख्तयारी देवी पत्नी गुरदेव चंद निवासी बसाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम को बसाल निवासी मुख्तयारी देवी की अचानक तबीयत खराब हो गई। वृद्ध महिला को उपचार के लिए अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# हिमाचल के विकास के लिए बैठक तक नहीं कर पाए मंत्री अनुराग ठाकुर: संदीप सांख्यान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** प्रेस को जारी बयान में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि भले ही चार बार सांसद रहते हुए केंद्रीय मंत्री मंडल और बीसीसीआई सुप्रीमो बनने में कामयाब रहे हों लेकिन जिस जनता की बदौलत उन्होंने इन अप्रत्याशित बुलंदियों को छुआ है उनके लिए कुछ भी कर पाने के लिए पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं। यह बात दीगर है कि जिला स्तरीय बैठकों में आना कभी नहीं भूलते। ऐसे में जनता से सीधा संवाद इसलिए भी नहीं करने की हिम्मत जुटा पाते कि भीड़ में कोई विकास को लेकर प्रश्न न कर दें। ऐसे में यदा कदा टैलीविजन पर विपक्ष को कोसना इनकी दिनचर्या में शुमार है। केंद्रीय मंत्रालय का मतलब पूरा देश की नुमांइदगी करना होता है लेकिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर अपने ही हिमाचल प्रदेश के लिए व प्रदेश के विकास के लिए एक भी बैठक नहीं करवा पाए। क्योंकि इनके पास कोई विजन नहीं हैए केवल सता पर कैसे काबिज होना इसके लिए पूरी उर्जा लगाने वाले अनुराग ठाकुर आज जनता से सीधा संवाद नहीं कर पा रहे हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि अनुराग ठाकुर पहली बार मई 2008 में



के उपचुनावों में लोकसभा के लिए चुने गए थे उसके उपरांत वे चैथी बार, 14वीं, 15वीं, 16वीं और 17वीं लोकसभा के सदस्य हैं। अपने राजनीतिक सिफ ारिशी करियर में तुकबन्दी से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद हिमाचल प्रदेश राइफ ल एसोसिएशन के अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव, हॉकी हिमाचल प्रदेश के महासचिव भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य, बीसीसीआई के संयुक्त सचिव रहे और फि र बीसीसीआई के अध्यक्ष चुने गये। उसके उपरांत अनुराग ठाकुर प्रादेशिक सेना का हिस्सा बने, बाद में उन्हें कैप्टन के पद पर पदोन्नत किया गया। संदीप सांख्यान ने कहा कि अब सवाल उठता है कि अनुराग ठाकुर ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की है और हिमाचल के हितों से खिलवाड़ किया।

# गृहस्थ जीवन को जीने की कला सिखाती है रामायण: भारद्वाज

**शुभारंभ**

**8 झंडूता के सेरड़ सैर में सोमवार से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** झंडूता के सेरड़ सैर में सोमवार से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों महिला, पुरूषों और बच्चों ने भाग लिया। इस कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे। ढोल नगाड़ों के साथ पावन रामकथा ग्रंथ आयोजन स्थल तक लाया गया। जहां पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पावन ग्रंथ को प्रतिष्ठापित किया गया। पहले दिन प्रवचनों करते हुए पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि रामायण में गृहस्थ को समझने और क्रियारूप देने की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि परिवार में आपसी प्रेम भाईचारा रामायण से ज्यादा कहीं और नहीं सीखा जा सकता। प्रभु राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का प्रेम यूं ही मिसाल नहीं बना। इसके लिए किए गए त्याग और बलिदान आज भी प्रासंगिक है। पतिव्रता का उल्लेख रामायण में मिलता है। दुष्कर्मों के लिए स्वयं और कुल का नाश करवाने वाले रावण के जीवन से भी बुरे काम न करने की सीख मिलती है। सेवा एवं भक्तिभाव के पर्याय वीर हनुमान के किरदार से वर्तमान में बहुत कुछ सीखा जा सकता है। पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि यदि आज भी रामायण की शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालने का प्रयास किया जाए तो निश्चित तौर पर जीवन सहजता से आगे बढ़ेगा। कथा समापन पर भगवान राम के सुंदर भजन गाए गए। वहीं प्रसाद वितरण भी किया गया। श्री राम कथा का समापन 9 अप्रैल को होगा।

# हिमाचल के बहुमूल्य विस्मृत आहार: खाद्य परंपरा से हो रहे हैं बाहर

**विविधता**

**8 भोजन के लिए उगाई जाने वाले कुल 6000 पौधों की विविधता में से मात्र नौ पौधों का हो रहा है उपयोग**





**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी की वनस्पति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर तारा सेन का कहना है कि मौजूदा समय में जो भोजन हम लोग आमतौर पर ले रहे हैं वह बहुत ही सीमित फसलों से आ रहा है और धीरे-धीरे भोजन के रूप में प्रयुक्त होने वाली कुल फ सलों की संख्या कम से कम होती जा रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भोजन के लिए उगाई जाने वाली कुल 6000 पौधों की विविधता में से, लगभग 66 प्रतिशत भोजन की आपूर्ति सिर्फ 9 पौधों से होती है। परिणामस्वरूप कई फल और सब्जियां जो कि कभी हमारी रसोई के महत्वपूर्ण अंग रहे। अब खाद्य प्लेट से गायब हो रहे हैं और उन्हें विस्मृत आहार या भुला हुआ भोजन माना जा रहा है। यह प्रवृमि पूरी दुनिया में चल रही है और इसका नतीजा यह है कि धरती और भोजन की थाली दोनों से ही पोषक तत्वों का लगातार क्षय होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी हिमालय में स्थित होने के कारण यहां की समृद्ध जैव और भौगोलिक विविधता एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रभाव से हिमाचल प्रदेश की एक समृद्ध पाक.परंपरा है। यहां के कई वनस्पति उत्पाद और व्यंजन जैसे, गुच्छी, लींगड़, हींग, नियोजा, छरमा आदि वैश्विक प्रसिद्धि प्राप्त है। वही कई अन्य बशार का आटा, बिच्छूबुटी का साग, सीक के बीज से बनी मिठाई अपने विविध चिकित्सीय गुणों के कारण खाए जाते हैं। लेकिन ये पारंपरिक व्यंजन धीरे-धीरे हमारे भोजन की थाली से गायब होते जा रहे हैं। डा. तारा का मानना है कि इसके पीछे सबसे प्रमुख कारण यह है कि हम अब पश्चिमी-संस्कृति के प्रति अधिक आकर्षित होते जा रहे हैं। जबकि पश्चिम के लोग हमारी भोजन पद्यति को अपना चुके हैं। उनका कहना है कि आयुर्वेद के प्राचीन विज्ञान ने हमें भोजन को दवा के रूप में लेने और हमारे आहारी वस्तुओं को ऐसे मिलाने के लिए मार्गदर्शन किया है कि यह एक संतुलित आहार बन जाए। इसके लिए हमारे पूर्वजों ने हमारी पारंपरिक भोजन वस्तुओं में विभिन्न सामग्रियों को बड़ी समझदारी से मिलाया है जैसे कि मसालों के उपयोग को स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं बल्कि पोषक तत्वों की मात्रा बढाने और उनके चिकित्सीय गुणों के लिए उपयोग करना। हमारे पूर्वजों का यह मानना था कि किसी विशेष क्षेत्र के लोगों को होने वाली अधिकतर बीमारियों का उपचार भी उस क्षेत्र में उगने वाली वनस्पतियों में होता है और हम वही होते हैं जो हम खाते हैं।

मौसम परिवर्तन एवं इ यूनिटी बढ़ाने वाले हिमाचली सुपर फू ड्सरू

डा. तारा सेन का मानना ह कि इ यूनिटी बढ़ाने वाले हिमाचली सुपर फू ड्स कभी मौसमों के परिवर्तन के प्रतीक के रूप में जाने-जाते थे। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर सर्दियों में सायार्रा एवं तिल के लड्डू खाने की परंपरा है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** वरिष्ठ नागरिक सभागार बिलासपुर में अग्रणी प्रयास संस्था द्वारा सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य लोगों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। प्रयास संस्था की टीम ने लोगों रक्तचाप, शुगर, जोड़ों की दर्द व विभिन्न प्रकार की विस्तृत जांच की। इसके साथ ही रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच भी की और निःशुल्क परामर्श तथा दवाईयां भी वितरित कीं। प्रयास संस्था की ओर



से आए डॉ. रविकांत डोगरा, लैब टेक्निशियन जोगेंद्र सिंह, सदर समन्वयक कर्ण चन्देल का विशेष सहयोग रहा। सभा के प्रधान रतनलाल शर्मा ने प्रयास संस्था धन्यवाद करते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक सभा गैर राजनितिक संस्था है जो व्यासपुर की समस्यों के समाधान व जनकल्याण हेतु कार्य करती है और विकासात्मक कार्यों में सरकार का सहयोग देती है। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सरंक्षक ओमप्रकाश गर्ग, कमाडेंट सुरेन्द्र शर्मा, ओंकार कपिल, इंदिरा कपिल, केएल कपिल, राजपाल कपिल, अनीता कपिल, साहिल, पुरुषोत्तम शर्मा, कृष्ण लाल, प्रेमी देवी, बलदेव, नित्यानंद, रमेश कुमार, कौशल्या देवी, अक्षय, पुरुषोत्तम शर्मा, रतन सिंह, रामप्यारी, संजीव निमोर्ही, सुशील पुंडीर परिंदा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

